प्रादेशिक समाचार
दिनांक–17.03.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता को प्रभावी ढंग से लागू करने का दिया निर्देश, कैबिनेट सचिव, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजा पत्र।

2. झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने बताया –राज्य में नये मतदाताओं की संख्या बाइस लाख तैंतीस हजार, पहली बार लोकसभा चुनाव में करेंगे मतदान।

3. जेपीएससी सिविल सेवा पीटी परीक्षा आज, दो पालियों में होनेवाली इस परीक्षा के लिए बनाये गये हैं आठ सौ से अधिक केंद्र, परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू।

4. साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण 21 मार्च तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में होगी बारिश, 19 मार्च को कोल्हान के लिए ऑरेंज अलर्ट और संताल के लिए येलो अलर्ट जारी।

अब समाचार विस्तार से।

लोकसभा चुनाव और चार राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश जारी किया है। कैबिनेट सचिव, सभी राज्यों के मुख्य सचिवों और मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को लिखे पत्र में कहा गया है कि चुनाव की घोषणा के 24 घंटे के भीतर सभी दीवार लेखन, पोस्टर, कागजात या सरकारी संपत्ति पर किसी अन्य रूप में विरूपण को हटा दिया जाए। कहा गया है कि सार्वजनिक संपत्ति और रेलवे स्टेशनों और बस स्टैंड जैसे सार्वजनिक स्थानों पर अनाधिकृत दीवार लेखन या पोस्टर, होर्डिंग, बैनर झंडे के रूप में राजनीतिक विज्ञापन 48 घंटों के भीतर हटा दिए जाएं।

********

लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता कल से प्रभावी हो गई है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने कल रांची में बताया कि मतदाताओं की संख्या और सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए इस साल 8 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 95 नए मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। नए केंद्रों के जुड़ने के बाद राज्य में कुल मतदान केन्द्रों की संख्या अब उनतीस हजार पांच सौ इक्कीस हो गई है। श्रीकुमार ने बताया कि इस बार झारखंड के 22 लाख तैंतीस हजार मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। बता दें कि झारखंड में चार चरणों में लोकसभा चुनाव कराये जायेंगे।

********

लोकसभा चुनाव के दौरान जमशेदपुर में 25 मई को मतदान होगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मितल ने बताया कि जमशेदपुर में मतदाताओं की संख्या लगभग 18 लाख 41 हजार है।

********

लोकसभा चुनाव के दौरान सरायकेला जिले में दो चरणों में वोट डाले जायेंगे। इसे लेकर उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला और पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने कल शाम बैठक कर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन का निर्देश दिया।

********

पाकुड़ के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने बताया कि राजमहल संसदीय क्षेत्र के पाकुड़ जिले में महेशपुर, लिट्टीपाड़ा और पाकुड़ के एक हजार चौदह बूथों पर 80 फीसदी से अधिक मतदान के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

********

लोहरदगा के जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कल समाहरणालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 13 मई को होनेवाले मतदान के तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के लिए 5 फ्लाइंग स्क्वायड और इतने ही स्टैटिक सर्विलांस टीम बनाई गई है।

********

लोकसभा  चुनाव –2024 को लेकर लातेहार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने कल प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय स्थित बूथ संख्या तीन सौ उन्नीस और तीन सौ बीस का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने बीडीओ को प्रखंड के सभी बूथों पर मूलभूत सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

********

साहिबगंज जिले में हर महीने की 3 तारीख को रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा।

********

जेपीएससी सिविल सेवा पीटी आज राज्य़भर के आठ सौ चौंतीस परीक्षा केंद्रों पर आय़ोजित की जायेगी। सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि  में  निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। वहीं सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किये गये हैं। इस परीक्षा में राज्यभर के साढे तीन लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। इधर लातेहार में  परीक्षा शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त कराने को लेकर अपर समाहर्ता रामा रविदास को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। लातेहार के  जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने बताया कि परीक्षा को लेकर जिले में 37 केंद्र बनाए गये हैं, उधर चतरा में उपायुक्त रमेश घोलप ने बैठक कर कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी पर्यवेक्षकों सह दंडाधिकारियों को निर्देश दिया। इधर धनबाद के पैंसठ केंद्रों पर होनेवाली इस परीक्षा को लेकर पांच जोनल दंडाधिकारी के अलावा फ्लाइंग स्क्वायड, गश्ती दल, स्टैटिक मजिस्ट्रेट समेत पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। उधर सरायकेला खरसावां जिले के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने बताया कि जिले के दोनों अनुमंडल क्षेत्र में परीक्षा के दौरान निषेधांज्ञा लागू रहेगी।

********

आसनसोल मंडल में जसीडीह– झाझा रेल लाइन पर आज होने वाले निर्माण कार्य को लेकर ट्रैफिक ब्लॉक किया जाएगा। इसके मद्देनजर धनबाद से खुलने और गुजरने वाली दो ट्रेनों के परिचालन में अस्थायी बदलाव किया गया है। धनबाद– पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस धनबाद से छह घंटे देर से खुलेगी।  वहीं पटना से आज खुलने वाली पटना– धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस, पटना से एक घंटे देर से खुलेगी। और रक्सौल से खुलने वाली रक्सौल– हैदराबाद एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देर से खुलेगी।

********

ईडी की छापेमारी के बाद राज्य सरकार ने गोविंदपुर के अंचल अधिकारी शशिभूषण सिंह को पद से हटाते हुए चतरा  के सिमरिया अंचल के सीओ धर्मेंद्र कुमार दुबे का गोविंदपुर तबादला किया है।  बता दें कि बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद के साथ गोविंदपुर के अंचल अधिकारी शशिभूषण सिंह के रांची स्थित मकान समेत कई

ठिकानों पर ईडी की टीम ने छापेमारी की थी। आरोपी अंचल अधिकारी शशि भूषण सिंह से ईडी की टीम अब दो अप्रैल को पूछताछ करेगी। इसे लेकर उन्हें समन जारी किया गया है।

********

बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर झारखंड पर दिखने लगा है। इस कारण राजधानी रांची सहित राज्य के कई हिस्सों में कल बारिश के साथ तेज हवाएं चलीं। रांची में 3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर झारखंड में 21 मार्च तक रहेगा। वहीं 19 मार्च को कोल्हान क्षेत्र के लिए ऑरेन्ज अलर्ट और संताल के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है।

- ********

- राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन गोड्डा की ओर से कल काला मोतियाबिंद के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- हजारीबाग सदर थाना क्षेत्र स्थित एक गहने की दुकान में तीन अपऱाधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। इस दौरान अपराधियों ने दो राउंड फायरिंग भी की ।

********

अखबारों की सुर्खियां–

राजधानी रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने लोकसभा चुनाव की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है–झारखं डमें चार चरणों में चुनाव, खूंटी में 13 और रांची में 25 मई को मतदान।

हिन्दुस्तान लिखता है – निर्वाचन आयोग ने 7 चरणों में लोकसभा चुनाव का ऐलान किया, आचार संहिता लागू, हुकूमत पर फैसला 4 जून को।

दैनिक जागरण ने लिखा है– बजा बिगुल बिछी बिसात।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है–लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून तक , नतीजे 4 जून को।

रांची एक्सप्रेस लिखता है लोकसभा चुनाव की बज गई रणभेरी।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने लिखा है– चुनावी महाभारत का शंखनाद, वोटिंग सात चरणों में

द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने भी लोकसभा चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

********समाप्त************